जनपद हमीरपुर

थाना-जलालपुर **दिनांक 16.11.2026**

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना जलालपुर की नवनिर्मित पुलिस चौकी बरहरा का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ।

आज दिनांक 16.11.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा थाना जलालपुर क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी बरहरा का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। पुलिस चौकी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन को त्वरित एवं सुलभ पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी का निरीक्षण कर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा चौकी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनाए रखने, नियमित गश्त एवं प्रभावी पेट्रोलिंग करने, अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार रखें तथा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर सक्रिय रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

नवनिर्मित पुलिस चौकी के उद्घाटन से क्षेत्र में पुलिस की पहुंच एवं सक्रियता और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं पुलिस सहायता संबंधी सेवाएं और अधिक सुगमता एवं त्वरित रूप से उपलब्ध हो सकेंगी।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सरीला सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।


पुलिस चौकी बरहरा
जनपद हमीरपुर में नवनिर्मित पुलिस चौकी बरहरा
थाना-जलालपुर का शुभारंभ
श्री मृगाँक शेखर पाठक
पुलिस अधीक्षक हमीरपुर
के कर कमलों द्वारा दिनांक 16-11-26 को किया गया
अरविन्द कुमार वर्मा
अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर.
शाहरूख खान
क्षेत्राधिकारी सरीला
हमीरपुर
रवि कुमार
थानाध्यक्ष जलालपुर
हमीरपुर
तीर्थनाथ
कोतवाली नगर
हमीरपुर




महिला बन्दी गृह



